नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

---

# विश्व हिंदी दिवस का आयोजन गुरुवार को

वर्धा, 9 जनवरी 2019 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयके आनंद के. कुमारस्वामी अंतरराष्ट्रीय भाषा एवं संस्कृतिसंस्थान की ओर से विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र की प्रेरणा और मार्गदर्शन में विश्व हिंदी दिवस समारोह का आयोजन गुरुवार 10 जनवरी को किया जा रहा है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विदेशी विद्यार्थी अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे। विश्वविद्यालय के हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. उमेश कुमार सिंह विदेशों में हिंदी शिक्षण के अपने कुछ खास अनुभव साझा करेंगे। प्रोफेसर देवराज कार्यक्रम के मुख्य वक्ता होंगे और कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कार्यकारी कुलपति प्रो. आनंदवर्धन शर्मा करेंगे । कार्यक्रम गालिब सभागार में प्रातः 10:30 से होगा।

उल्लेखनीय है कि महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय पिछले 12 वर्षों से विदेशी विद्यार्थियों के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों का संचालन कर रहा है। इसमें हर साल अनेक देशों के विद्यार्थी अध्ययन करने आते हैं, जिसमें जापान, फ्रांस, रूस, बेल्जियम, इटली,जर्मनी,श्रीलंका, मारिसश, गयाना,थाइलैंड, कज़ाकिस्तान आदि अनेक देशों के विद्यार्थी शामिल हैं। इस कार्यक्रम में विदेश मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विश्व हिंदी दिवस पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता के परिणामों की भी घोषणा की जाएगी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संस्थान के निदेशक प्रो. हनुमानप्रासाद शुक्ल ने विश्वविद्यालय परिवार और वर्धा नगर के निवासियों से कार्यक्रम में भागीदारी का अनुरोध किया है।